# सीएम डॉ. यादव ने 'क्वींस ऑन द व्हील्स' को किया रवाना



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**भोपाल, 07 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 'क्वींस ऑन द व्हील्स' 3.0 महिला बाइकिंग टूर मात्र बाइक रैली नहीं बल्कि नारी सशक्तिकरण, साहस और पर्यटन के माध्यम से मध्यप्रदेश की पहचान को दुनिया तक पहुंचाने का एक अनूठा अभियान है.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देश के विभिन्न क्षेत्रों से आई बहनों का देश के दिल मध्यप्रदेश में स्वागत करते हुए कहा कि हमारा प्रदेश अजब और गजब होने के साथ महिलाओं की सुरक्षा के लिए सजग भी है. बहनों की यह यात्रा प्रदेश के पर्यटन के साथ महिला सुरक्षा की एक मिसाल है, यह बदलते समाज की तस्वीर है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश निरंतर आगे बढ़ रहा है. देश भी सुरक्षित है और मध्यप्रदेश भी, महिला दिवस और रंगपंचमी से पहले प्रारंभ हुए 'क्वींस ऑन द व्हील्स' कार्यक्रम अंतर्गत महिला बाइकिंग टूर में देशभर से आई बाइक राइडर बहनें म.प्र. पर्यटन के रंग बिखेरेंगी. यह टूर प्रदेश के समृद्ध व ऐतिहासिक पर्यटन गंतव्यों को देश-दुनिया में प्रचारित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है. यह यात्रा मध्यप्रदेश की बेटियों के लिए अद्वितीय, साहसपूर्ण और फलदायी सिद्ध होगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को 'क्वीन्स ऑन द व्हील्स' की 25 महिला सुपर बाइकर्स को इस यात्रा के लिए शुभकामनाएं और हर संभव सहयोग का भरोसा देते हुए मुख्यमंत्री निवास से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार भी उपस्थित थे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाइकर्स और पर्यटन सखी के साथ समूह चित्र भी खिंचवाया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में महिला सुरक्षा की गारंटी के रूप में यह टूर प्रारंभ किया जा रहा है.

### इंदौर-उज्जैन का सफर आधे घंटे का रह जायेग

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड के किसानों के हित में जमीनी स्तर पर मार्ग निर्माण को स्वीकृति और उचित मुआवजे की व्यवस्था किए जाने पर इंदौर जिले के सांवेर क्षेत्र के निवासियों ने मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर आभार व्यक्त किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पगड़ी और बड़ी माला पहनाकर उनका अभिवादन किया गया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास पधारे सभी लोगों को होली और रंगपचमी की बधाई दी. इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट उपस्थित थे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 3 हजार करोड़ रुपए की लागत से इंदौर और उज्जैन के बीच बनने वाली सड़क से इंदौर और उज्जैन का सफर सवा घंटे की जगह आधे घंटे का रह जायेगा. दोनों शहरों के बीच तेज कनेक्टिविटी से क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी. स्थानीय स्तर पर उद्योग, लॉजिस्टिक पार्क, किसानों को मण्डियों तक पहुंच और व्यापारियों तथा उद्योगों को सीधा लाभ मिलेगा. यह मार्ग, देश के व्यापार व्यवसाय के लिए भी महत्वपूर्ण है. देश के प्रमुख औद्योगिक और व्यापारिक केंद्रो के बीच इस मार्ग से यात्रा सुगम और कम समय में होगी. परिणामस्वरूप आवागमन बढ़ेगा और देश में इंदौर-उज्जैन क्षेत्र का महत्व और अधिक बढ़ेगा.

---

### एक नजर में

#### डिजिटल पंजीयन में मध्यप्रदेश ने रचा इतिहास

**भोपाल.** पंजीयन प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राज्य सरकार ने संपदा 2.0 प्रणाली से दस्तावेजों का पूर्णतः पेपरलेस ई-पंजीयन शुरू कर दिया है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अत्याधुनिक तकनीक पर आधारित यह व्यवस्था नागरिकों को त्वरित सेवाएं देने के साथ-साथ प्रशासन में पारदर्शिता और सुगमता सुनिश्चित करेगी. पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग राज्य के प्रमुख राजस्व अर्जित करने वाले विभागों में शामिल है. प्रदेश में प्रतिवर्ष लगभग 16 लाख दस्तावेजों का पंजीयन किया जाता है, जिससे 11 हजार करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त होता है.

#### अंजनी मिश्रा पहले ही प्रयास में बनी आईएएस

**खंडवा.** संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में खंडवा की बेटियों ने शानदार सफलता हासिल कर शहर का गौरव बढ़ाया है. रूपल जायसवाल के साथ ही जवाहरगंज निवासी 25 वर्षीय अंजनी मिश्रा ने भी पहले ही प्रयास में परीक्षा उत्तीर्ण कर 274वीं रैंक प्राप्त की है. अंजनी मिश्रा, लोकायुक्त पुलिस भोपाल में पदस्थ अजय मिश्रा की पुत्री हैं. वे वर्तमान में मुंबई की एक अंतरराष्ट्रीय कंपनी में चार्टर्ड अकाउंटेंट के रूप में कार्यरत हैं. यूपीएससी की तैयारी के लिए उन्होंने नौकरी से अवकाश लिया और अपने पहले ही प्रयास में उल्लेखनीय सफलता हासिल की. अंजनी पूर्व विधायक स्वर्गीय गंगाचरण मिश्रा के परिवार से संबंध रखती हैं.

---



## प्रदेश में सूरज की तपिश

### गर्मी का एहसास, तापमान में 3 डिग्री तक बढ़ोत्तरी

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 7 मार्च. प्रदेश में सूरज की तपिश से दिन के समय भीषण गर्मी का एहसास मार्च महीने के दूसरे पखवाड़े से शुरू हो गया है. शनिवार को भी राजधानी सहित जिलों तेज धूप निकली रही.**

मौसम विभाग के मुताबिक एक नया पश्चिमी विक्षोभ 9 मार्च से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित करने की संभावना है. पिछले 24 घंटो में, अधिकतम तापमानों में सभी संभागों के जिलों में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ. इंदौर, उज्जैन, रीवा, शहडोल संभागों के जिलों में सामान्य से 2.4ए से. - 3.0ए से. तक अधिक रहा. भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर, चंबल, जबलपुर, सागर संभागों के जिलों में सामान्य से 3.4ए से. - 4.7ए से. काफी अधिक रहा. इस दौरान न्यूनतम तापमानों में सभी संभागों के जिलों में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ. इंदौर, ग्वालियर, चंबल, रीवा, शहडोल, सागर संभागों के जिलों में सामान्य से 1.8ए से. - 2.9ए से. अधिक रहे एवं शेष सभी संभागों के जिलों में सामान्य रहा.

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार एक ऊपरी वायु में चक्रवातीय परिसंचरण, ओडिशा और निकटवर्ती क्षेत्र के ऊपर माध्य समुद्र तल से लगभग 1.5 किमी की ऊँचाई पर सक्रिय है. एक ट्रफ, ओडिशा और निकटवर्ती क्षेत्र के ऊपर बने उपरोक्त चक्रवातीय परिसंचरण से उत्तर-पश्चिम उत्तर प्रदेश तक, उत्तर छत्तीसगढ़ और उत्तर-पूर्व मध्य प्रदेश से होकर माध्य समुद्र तल से 0.9 किमी की ऊंचाई पर विस्तृत है.

> एक ऊपरी वायु में चक्रवातीय परिसंचरण, हरियाणा और निकटवर्ती क्षेत्र के ऊपर माध्य समुद्र तल से लगभग 0.9 किमी किमी की ऊँचाई पर सक्रिय है. उत्तर-पश्चिम भारत के ऊपर लगभग 204 किमी/घंटा की गति से माध्य समुद्र तल से 12.6 किमी ऊँचाई पर उपोष्ण पश्चिमी जेट स्ट्रीम हवाएं बह रही है. एक पश्चिमी विक्षोभ, मध्य क्षोभमंडलीय पश्चिमी हवाओं में ट्रफ के रूप में नाध्य समुद्र तल से 5.8 किमी ऊँचाई पर लगभग 59ए पूर्व देशांतर के साथ 30ए उत्तर अक्षांश के उत्तर में अवस्थित है.

---

## घरेलू गैस के दाम बढ़े

**भोपाल.** घरेलू गैस के सिलेंडर पर 60 की अप्रत्याशित वृद्धि भारतीय जनता पार्टी के आपदा में अवसर ढूंढने के दुष्चक्र का नतीजा है. प्रदेश कांग्रेस कमेटी के विचार विभाग के अध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता ने इसे लाडली बहनों और लाडली लक्ष्मियों के साथ धोखा बताया है. गुप्ता ने कहा कि ना तो अभी अंतरराष्ट्रीय बाजार में गैस की कीमतें बढ़ी हैं ना ही अन्य पेट्रोल उत्पादों पर तत्कालीन प्रभाव हुआ है, फिर भी सरकार द्वारा दाम बढ़ाने की उतावली इस बात का द्योतक है कि वह युद्ध के नाम पर अपने ही नागरिकों से मुनाफा कमाना चाहती है. गुप्ता ने स्मरण दिलाया कि अब तक सरकार कह रही थी कि तेल कंपनियां मुनाफे में से किसी आकस्मिक बढ़त को ऐब्जार्व करेंगीं किंतु सरकार का यह आश्वासन भी झूठा साबित हुआ है.

---

## सुरुचि नारी शक्ति सम्मान समारोह आज

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम


नवभारत 8 मार्च 2026
सुरुचि
अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं
कविता
बढ़ती नारी
संवेदनशील बनता समाज
महिलाओं की मानसिक सशक्तता और स्वावलंबन

**भोपाल, 07 मार्च. अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आठ मार्च रविवार को सुरुचि नारी शक्ति सम्मान समारोह नवभारत प्रेस परिसर में अपरान्ह चार बजे से आयोजित किया जाएगा.**

इस आयोजन में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान देने वालीं तेरह महिलाओं को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया जाएगा. समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य की अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री - स्वतंत्र प्रभार- कृष्णा गौर मौजूद रहेंगी. विशिष्ट अतिथि के तौर पर महापौर मालती राय और कांग्रेस नेता एवं पूर्व महापौर विभा पटेल उपस्थित रहेंगी. कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरुचि की संपादक पूजा माहेश्वरी करेंगी.

> आयोजन में मुख्य रूप से पॉड कॉस्टर अनुष्का तिवारी, सामाजिक कार्यकर्ता पूनम श्रोती, जनजातीय कलाकार - चित्रकार- भूरी बाई, सार्वजनिक और राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय नेहा बग्गा, पर्वतारोही मेघा परमार, महिला उद्यमी आशा दावानी, नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी, डाइटीशियन वर्षा श्रीवास्तव, कंटेट क्रिएटर सुमिता सिरोठिया, शिक्षाविद ऊषा खरे, चिकित्सक एवं सामाजिक कार्यकर्ता डॉ रेणु शर्मा, बिजनेस वीमेन प्रमिला झंवर और बेगम्स ऑफ भोपाल क्लब की अध्यक्ष रखशां शमीम जाहिद को सम्मानित किया जाएगा.

---

## एसआईटी के शिकंजे में शहर के दो नामी डॉक्टर

**परासिया. देश के चर्चित कोल्ड्रीप कांड की चर्चा एक बार फिर तेज हो गई. मामले की जांच कर रही विशेष जांच टीम एसआईटी ने शनिवार को शहर के दो नामी डॉक्टरों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की.**

एसआईटी ने शनिवार की सुबह परासिया के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ एस एस ठाकुर और डॉ अमान सिद्दीकी को तलब कर उनसे दिनभर अलग-अलग बिंदुओं पर पूछताछ की और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी खंगाले.

जांच टीम यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि कोल्ड्रीप दवाइयों के उपयोग और वितरण में कहीं किसी प्रकार की लापरवाही या नियमों का उल्लंघन तो नहीं हुआ. एसआईटी ने डॉक्टरों से दवा की खरीद, उपयोग और उससे जुड़े रिकॉर्ड की जानकारी ली. माना जा रहा है कि पूछताछ के दौरान कुछ अहम जानकारियां भी सामने आई हैं, जिनके आधार पर जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है.

हालांकि अभी तक किसी भी तरह की आधिकारिक कार्रवाई की पुष्टि नहीं की गई है. जांच एजेंसियों का कहना है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और दोषी पाए जाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी.

---

## विकास योजनाओं की अनदेखी का आरोप

### पटवारी ने सरकार को घेरा

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 7 मार्च. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने शनिवार को राज्य की भाजपा सरकार पर कृषि और ग्रामीण विकास क्षेत्रों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया.**

उन्होंने कहा कि खराब योजना और वित्तीय कुप्रबंधन के कारण प्रदेश में ग्रामीण विकास की योजनाएँ प्रभावित हो रही हैं. मीडिया से बातचीत में पटवारी ने कहा कि सरकार जमीनी स्तर पर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के बजाय केवल प्रचार-प्रसार पर अधिक ध्यान दे रही है. उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र प्रायोजित योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि का भी पूरा उपयोग नहीं किया जा रहा है.



उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए ग्रामीण विकास के लिए कुल 27,745.18 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था, लेकिन 7 मार्च 2026 तक केवल 11,457.66 करोड़ रुपये, यानी लगभग 41.3 प्रतिशत राशि ही खर्च की गई है.

पटवारी ने दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना में 3.44 प्रतिशत, निर्मल भारत अभियान में 6.01 प्रतिशत और मनरेगा में 18.16 प्रतिशत खर्च का हवाला देते हुए इसे चिंताजनक बताया.

उन्होंने कहा कि ये आंकड़े प्रशासनिक लापरवाही और ग्रामीण कल्याण के प्रति सरकार की उदासीनता को दर्शाते हैं. उनके अनुसार, प्रमुख योजनाओं में कम खर्च होने से गांवों में रोजगार, आवास और आधारभूत ढांचे के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा.

---

## जनऔषधि दिवस पर भोपाल में आयोजन

**भोपाल, 7 मार्च. देशभर में सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना के अंतर्गत 8वें जनऔषधि दिवस 2026 का भव्य आयोजन आज मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भोपाल के ऑडिटोरियम में किया गया.**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग रहे. इस अवसर पर डॉ. प्रभाकर तिवारी, वरिष्ठ संयुक्त संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, डॉ. संजय जैन, अध्यक्ष, फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया, तथा विवेक शर्मा, जोनल मैनेजर, फार्मास्युटिकल्स एंड मेडिकल डिवाइसेस ब्यूरो ऑफ इंडिया (PMBI) भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे.



### जनऔषधि से किफायती हो गईं हैं दवाएं

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने मध्यप्रदेश के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष 5 जनऔषधि केंद्रों को सम्मानित किया. कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को जनऔषधि परियोजना के लाभों तथा किफायती दवाइयों की उपलब्धता के प्रति जागरुक करना रहा. मुख्य अतिथि विश्वास कैलाश सारंग ने अपने संबोधन में कहा कि जनऔषधि योजना के माध्यम से आम नागरिकों को किफायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयाँ उपलब्ध हो रही हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाएँ अधिक सुलभ बन रही हैं.

---

## नीमच-चित्तौडगढ़ हाईवे पर 4 किलो अफीम जब्त

**नीमच.** केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) कोटा, राजस्थान की टीम ने नीमच-चित्तौडगढ़ हाईवे पर मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 4.135 किलो अवैध अफीम जब्त की. इस दौरान दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया. कोटा उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुन्देल के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए टीम ने पार्श्वनाथ वेयरहाउस के पास नाकेबंदी की. इसी दौरान महिंद्रा टीयूवी 300 कार को रोका गया, जिसमें डिग्गी के अंदर छिपाकर अफीम रखी गई थी. ब्यूरो को विशिष्ट खुफिया सूचना मिली थी कि नीमच से मारवाड़ की ओर अफीम की एक बड़ी खेप ले जाई जा रही है.

---

## रेल्वे की ओरजिनेटिंग फ्रेट लोडिंग 5 मिलियन टन

### पहले की तुलना में 39 प्रतिशत अधिक माल लदान



नवभारत समाचार

**भोपाल, 7 मार्च. पमरे पर ओरजिनेटिंग फ्रेट लोडिंग बढ़ाने के उद्देश्य से समय-समय पर 6 विभिन्न बैठकें आयोजित की जाती हैं**

इसी कड़ी में वाणिज्य/परिचालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा भोपाल मंडल सहित तीनों मण्डलों में ओरजिनेटिंग फ्रेट लोडिंग को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं. परिणामस्वरूप पश्चिम मध्य रेल ने चालू वित्तीय वर्ष के फरवरी 2026 माह में 05.26 मिलियन टन प्रारम्भिक माल लदान किया, जो कि गत वित्तीय वर्ष की इसी माह में 03.78 मिलियन टन प्रारम्भिक माल लदान से 39.32 प्रतिशत अधिक है. इस प्रकार चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के अप्रैल से फरवरी तक कुल 52.25 मिलियन टन प्रारम्भिक माल लदान किया, जबकि गत वित्तीय वर्ष की इसी अवधि में 47.17 प्रारम्भिक मिलियन टन माल लदान किया था, जो कि 10.76 प्रतिशत अधिक है.

#### फ्रेट लोडिंग के लिए निम्नलिखित प्रयास किये जा रहे हैं

- नई रेल लाइन/दोहरीकरण/तिहरीकरण जैसे अधोसरंचना कार्यों में गति प्रदान की जा रही है.
- मालगाड़ियों की औसत गति में वृद्धि करके अलग-अलग रेल खण्ड की क्षमता में वृद्धि और इन्फ्रास्ट्रक्चर को भी बढ़ाया. साथ ही साथ ऑपरेशनल सुधार भी किए गए.
- गुड्स टर्मिनल की वर्किंग में सुधार एवं मालगाड़ियों के डिटेंशन को कम किया गया. इससे मालगाड़ियों के संचालन में तेजी आई और माल ढुलाई में वृद्धि हुई.
- माल गोदामों में राउण्ड द क्लॉक यानि चौबीस घंटे लोडिंग एवं अनलोडिंग सेवाएँ शुरू की गई.
- नए माल गोदामों को विकसित करके उन्नयन कार्य किया जा रहा है.

य गतिशक्ति कार्गो टर्मिनल/साइडिंग को बढ़ाने का निरंतर प्रयास किये जा रहे है.
य व्यापारियों/ग्राहकों से आपसी समन्वय स्थापित कर रेलवे कि फ्रेट लोडिंग की प्रोत्साहन योजनाओं से आकर्षित कर गुड्स ट्रैफिक के बढ़ावे में मददगार साबित हो रही हैं.

---

**गैस विरोध** | सिलेंडर के दाम बढ़ते ही विपक्ष की खिलाफत हुई प्रारंभ

## बढ़ती एलपीजी कीमतों के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन




विशेष संवाददाता

**भोपाल, 7 मार्च. घरेलू और कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की लगातार बढ़ती कीमतों तथा बढ़ती महंगाई के विरोध में भोपाल शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को रोशनपुरा चौराहे पर अनोखा विरोध प्रदर्शन किया.**

इस प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना ने किया. प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, महिला कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए. प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रतीकात्मक रूप से प्रधानमंत्री को डॉक्टर की उपाधि देते हुए आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जनता को महंगाई का इंजेक्शन लगा रही है. प्रदर्शनकारियों ने महंगाई का इंजेक्शन लिखे पोस्टर और तख्तियां हाथों में लेकर नारेबाजी की.

> महिला कार्यकर्ताओं ने कहा कि हर घर की शुरुआत रसोई से होती है और रसोई गैस की लगातार बढ़ती कीमतों ने परिवारों का बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है. उनका कहना था कि एलपीजी गैस आज हर घर की मूलभूत आवश्यकता है, लेकिन इसकी बढ़ती कीमतों ने गृहिणियों और मध्यमवर्गीय परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल दिया है. प्रवीण सक्सेना ने दावा किया कि वर्ष 2014 में घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत करीब 400 रुपये थी, जो अब बढ़कर लगभग 920 रुपये तक पहुंच गई है. उन्होंने हाल ही में घरेलू सिलेंडर में करीब 60 रुपये और कमर्शियल सिलेंडर में लगभग 115 रुपये की बढ़ोतरी की भी आलोचना की. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि गैस की कीमतें कम नहीं की गईं तो कांग्रेस अपना आंदोलन और तेज करेगी.

---

## न्याय की मांग : महिला कांग्रेस का प्रदर्शन

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 7 मार्च. महिलाओं और बेटियों की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौतों को लेकर न्याय की मांग करते हुए जिला महिला कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को भोपाल के रोशनपुरा चौराहे पर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया.**

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने एपस्टीन फाइल्स से जुड़े मामलों की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई. यह विरोध प्रदर्शन अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा और मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी सेतिया के निर्देश पर आयोजित किया गया. महिला कांग्रेस की पदाधिकारी और कार्यकर्ता काले




कपड़े पहनकर रोशनपुरा चौराहे पर एकत्रित हुईं और सांकेतिक रूप से धरने पर बैठीं.

प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और न्याय के मुद्दे पर किसी भी प्रकार की चुप्पी स्वीकार नहीं की जा सकती. उन्होंने कहा कि जब तक इन घटनाओं की सच्चाई सामने नहीं आती और दोषियों को सजा नहीं मिलती, तब तक महिला कांग्रेस अपनी आवाज उठाती रहेगी. प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के इस्तीफे की मांग भी उठाई.